क्विज में प्रेमपाल और अंशुल बने विजेता

नई दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से आयोजित टीसीएस आईटी क्विज 2010 के दिल्ली एडिशन के तहत दिल्ली-एनसीआर के 1400 बच्चों ने हिस्सा लिया। आईआईटी दिल्ली के डोगरा हॉल में आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता में दिल्ली के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल (मायापुरी) के प्रेमपाल सिंह और अंशुल ने विजेता का खिताब पाया। नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल के अभिषेक गुप्ता, व मिर्णाल मोहित दूसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को थिंकपैड के साथ आइडिया पैड नोटबुक और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव बंसत गुप्ता मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित थे। जिन्होंने टीसीएस दिल्ली परिचालन के उपाध्यक्ष एंव प्रमुख देबाशीष घोष के साथ विजेताओं को पुरस्कृत किया। 6 क्षेत्रीय विजेताओं को भी टीसीएस की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। दिल्ली और मुंबई एडिशन के बाद 12 क्षेत्रीय विजेता 18 दिसंबर को चेन्नई में आयोजित होने वाले टीसीएस आईटी क्विज के फाइनल में हिस्सा लेंगे।